आप की ख़बर

विश्व पर्यावरण दिवस - प्लास्टिक की समस्या का समाधान पर एस.एम.एस. में संगोष्ठी का आयोजन

By Aapkikhabar newsJun 5, 2023, 21:16 IST

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। आज विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के अवसर पर सुल्तानपुर रोड स्थित स्कूल ओफ मैनेजमेंट साइंसेज में एक संगोष्ठी तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे प्लास्टिक की समस्या के समाधान / नुकसान के प्रति सभी लोगों को जागरूक करना था । उक्त संगोष्ठी में छात्रों एवं अद्यापको के साथ मुख्यकार्यकारी अधिकारी- श्री शरद सिंह, निदेशक- डा. मनोज मेहरोत्रा, महानिदेशक (तकनीकी) डा. भरत राज सिह, सह-निदेशक, डा. धर्मेंद्र सिह आदि ने उपस्थित होकर कुछेक ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शरद सिंह ने भारतवर्ष में प्लास्टिक के बैन पर कड़ाई से अनुपालन की आवश्यकता बताई । निदेशक- डा. मनोज मेहरोत्रा ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि विश्व में सयुंक्त राष्ट्र अमेरिका ने 1972 में एसेंबली में पर्यावरण की हो रही बढोत्तरी को देखते हुये विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाने का निर्णय लिया जिससे लोगो में जागरूकता बढाई जा सके।

महानिदेशक (तकनीकी) डा. भरत राज सिह ने अपने व्याख्यान में कहा कि विश्व आज पर्यावरण की घातक परिस्थिति से गुजर रहा है जिसमे प्लास्टिक भी धरती को तबाह करने पर आमादा है, जो निश्चित रूप से यह दर्शाता है कि कोई नहीं समझना चाहता है कि प्लास्टिक के नष्ट होने में चार-पांच सौ साल से लेकर 1000 साल तक लग जाते हैं। फिर भी अरबों टन प्लास्टिक हर साल इस दुनिया में खप जाता है जिसमें से 40 % फीसदी प्लास्टिक का उपयोग सिर्फ एक बार होता है। पिछले साल पूरी दुनिया में प्लास्टिक का उत्पादन 3.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 36 करोड़ टन तक पहुंच गया था। अगर 1990 के उत्पादन से तुलना की

जाए तो यह तीन गुना बैठता है। हाल ही में एक आविष्कार हुआ है जो प्लास्टिक के कचरे को 3- डी प्रिंटर के फिलॉमेंट में बदल देता है ऐसे आविष्कार पर बल दिया जाना चाहिये ।

कार्यक्रम का सन्चालन मैडम सुजाता सिन्हा ने किया, स्वागत डा. धर्मेंद्र सिन्ह सह-निदेशक तथा धन्यवाद प्रस्ताव डा. पी.के. .सिह डीन-छात्र कल्याण द्वारा पारित किया गया । इस अवसर पर कॉलेज के मुख्य महाप्रबंधक डॉ0 जगदीश सिंह, सन्युक्त-निदेशक, वी.बी. सिह, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण, अधिष्ठाता-अकादमिक,कुलसचिव, प्रध्यापक एवं अन्य शिक्षकगण एवं स्टाफ, छात्र/छात्राए उपस्थित रहे ।

---

https://aapkikhabar.com/local/world-environment-day-sms-on-solution-to-plastic-problem/cid11196589.htm